7

# सदानीरा कावेरी

Scanned with OKEN Scanner

## लिखिए

1. **उचित उत्तर छाँटकर लिखिए—**

क. कावेरी नदी को ···**सदानीरा**··· के नाम से भी पुकारा जाता है?

ख. कावेरी नदी 110 मीटर की ऊँचाई से गिरती है तो ···**जलप्रपात**··· बनता है।

ग. हमारे देश की ···70··· प्रतिशत नदियाँ प्रदूषित हैं।

घ. पानी को बचाकर रखो क्योंकि— ···**जल ही जीवन है।**···

2. **कुछ शब्दों में उत्तर दीजिए—**

क. रम्या पापा की लाइब्रेरी में क्या ढूँढ़ रही थी?

उ. रम्या पापा की लाइब्रेरी में नदियों की जानकारी से जुड़ी पुस्तकें ढूँढ़ रही थी।

ख. पुराणों में किसका उल्लेख मिलता है?

उ. पुराणों में कावेरी नदी का उल्लेख मिलता है।

ग. आज देश की नदियाँ क्यों प्रदूषित हैं?

उ. आज देश की नदियाँ कूड़े-कचरों के निपटान व केमिकल के विसर्जन के कारण प्रदूषित हो रही हैं।

3. **कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—**

क. कावेरी कहाँ से निकलती है और कहाँ तक जाती है?

उ. कावेरी नदी अपने उद्‌गम स्थल से निकलकर दक्षिण भारत के कर्नाटक और तमिलनाडु को सींचती हुई बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।

ख. सदानीरा का अर्थ बताइए।

उ. सदानीरा का अर्थ है— जो सदैव जल से भरा रहे।

ग. कावेरी में और कौन-कौन सी नदियाँ मिलती हैं?

उ. हरंगी, हेमवती, नोयिल, अमरावती, सिमसा, लक्ष्मणतीर्थ, भवानी आदि छोटी-छोटी नदियाँ मिलती हैं।

घ. नदियों को बचाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? कोई दो उपाय लिखिए।

उ. नदियों को बचाने के लिए हमें सबसे पहले कूड़े-कचरे और केमिकल के विसर्जन को रोकना चाहिए। पशुओं या व्यक्तियों के स्नान आदि पर रोक लगाना चाहिए। समय-समय पर इनकी सफ़ाई करवानी चाहिए।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **तालिका में दिए शब्दों के लिंग लिखकर लिंग-परिवर्तन कीजिए—**

| लिंग | शब्द | लिंग-परिवर्तन |
|---|---|---|
| .....स्त्रीलिंग..... | अध्यापिका | .....अध्यापक..... |
| .....पुल्लिग..... | दादा | .....दादी..... |
| .....पुल्लिग..... | बेटा | .....बेटी..... |
| .....स्त्रीलिंग..... | लेखिका | .....लेखक..... |

2. **अब आप सही स्थान पर 'कि' / 'की' लगाइए—**

क. रम्या जानती थी ...कि... उसे गृहकार्य करना है।

ख. मोहन ...की... चाबी खो गई।

ग. पुस्तक ...की... जिल्द फट गई।

घ. अमन कहता है ...कि... मेरे घर आना।

3. **जो समान तुकवाले शब्द नहीं हैं, उनके नीचे रेखा खींचिए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| घर | वर | हर | चल |
| दिया | कील | सिया | जिया |
| रंग | भंग | हम | जंग |
| चोर | मोर | शोर | चौड |

4. **सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए—**

क. दादा जी, मैं खेल रही हूँ। .....मैं.....

ख. आज हमें कावेरी पर प्रोजेक्ट बनाना है। .....हमें.....

ग. दादा जी ने उसे देखा। .....उसे.....

घ. इसमें खूब पानी रहता है। .....इसमें.....

**अब किन्हीं तीन सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाइए—**

1. मैं अब घर जा रहा हूँ। 2. हमें भी विद्यालय चलना चाहिए। 3. उसे भी बुला लो



Scanned with OKEN Scanner

5. पढ़िए और चुनिए—

| | | कर्ता | कर्म | क्रिया |
|---|---|---|---|---|
| क. | मोहिनी गिटार बजाती है। | मोहिनी | गिटार | बजाती है |
| ख. | प्रज्ञा बाज़ार जा रही है। | प्रज्ञा | बाज़ार | जा रही है |
| ग. | मोहित स्कूल गया। | मोहित | स्कूल | गया |
| घ. | श्रेया गाना गा रही है। | श्रेया | गाना | गा रही है |

Scanned with OKEN Scanner